Regarding need to sanction projects under PMFME scheme, Mega Food Park, Agro-Processing Clusters, Cold Chains Subsidy scheme and schemes under APEDA in Hoshangabad Parliamentary Constituency Madhya Pradesh-Laid

श्री दर्शन सिंह चौधरी (होशंगाबाद) **:** मैं सरकार का ध्यान मध्यप्रदेश के होशंगाबादनरसिंहपुर लोकसभा क्षेत्र की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ, जहाँ कृषि एवं बागवानी उत्पादन की प्रचुर संभावनाओं के बावजूद फूड प्रोसेसिंग यूनिट्स, कोल्ड स्टोरेज अवसंरचना और निर्यात-उन्मुख मार्केट लिंकज का अभाव है । यह क्षेत्र मूंग, गे हू ं , धा न, दा लें , फल एवं सब्ज़ियों के उत्पादन में अग्रणी है, किंतु कोल्ड चेन, वेयरहाउसिंग और प्रोसेसिंग सुविधाओं के अभाव में किसानों को भारी पोस्ट-हार्वेस्ट नुकसान उठाना पड़ता है और उन्हें उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पाता । यदि इस क्षेत्र में फूड प्रोसेसिंग क्लस्टर, आधुनिक कोल्ड स्टोरेज, प्राथमिक प्रसंस्करण इकाइयाँ तथा APEDA/निर्यात-संबद्ध मार्केट लिंकज विकसित किए जाएँ, तो इससे किसानों की आय में वृद्धि, कृषि उत्पादों की वैल्यू एडिशन, युवाओं एवं महिलाओं के लिए स्थानीय रोजगार, तथा क्षेत्र के उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय बाजारों तक पहुँच सुनिश्चित की जा सकती है । अतः सरकार से अनुरोध है कि वह PMFME यो जना , मेगा फूड पार्क/एग्रो-प्रोसेसिंग क्लस्टर, कोल्ड चेन सब्सिडी तथा APEDA सहयो ग के अंतर्गत होशंगाबादनरसिंहपुर क्षेत्र के लिए विशेष परियोजनाओं/पायलट क्लस्टर को शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने की कृपा करे ।